Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 21-03-2006

Participants : Yadav Shri Ram Kripal

>

Title : Need to expedite construction of National Highways in Bihar.

श्री राम कृपाल यादव (पटना) : अध्यक्ष महोदय, बिहार में एन.एच.ए.आइ को करीब 890 कि0मी0 राट्रीय राजमार्गो को पूरा करने की स्वीकृति सरकार द्वारा प्रदान की जा चुकी है, किंतु अभी तक वहां सड़क निर्माण का कार्य ठीक ढंग से प्रारंभ नहीं हुआ है। कारण है कि कोई कांट्रेक्टर नहीं मिल रहा है। बिहार वैसे ही पिछड़ा प्रदेश है। वहां सड़क एवं अन्य आधारभूत संरचनायें नहीं के बराबर है। इस परिस्थिति को ध्यान में रखते हुए अगर टेंडर की शर्तों में छूट देने की आवश्यकता है तो सरकार को कुछ कदम उठाना चाहिए जिससे की वहां कांट्रेक्टर्स को सड़क निर्माण के कार्य के लिए आकर्िात किया जा सके।

मैं इस सदन के माध्यम से माननीय सड़क परिवहन मंत्री जी का ध्यान आकृट करना चाहता हूं और आग्रह करता हूं कि बिहार के अति दयनीय स्थिति को ध्यान में रखते हुए वहां सड़क निर्माण के कार्य में तेजी लाने के लिए अविलम्ब कदम उठायें।